कार्बन नैनोट्यूब (CNTs) बेलनाकार गोल होते है, जो अवधारणा में, ग्राफीन शीट को एक निर्बाध सिलेंडर में रोल करके बनाया जाता है।

कार्बन नैनोट्यूब की संरचना कार्बन परमाणुओं की एक परत द्वारा बनाई गई है जो एक हेक्सागोनल जाल में एक साथ बंधे होते है। कार्बन की इस एक परमाणु मोटी परत को ग्रेफीन कहा जाता है, और इसे सिलेंडर के आकार में लपेटा जाता है जिसमें कार्बन नैनोट्यूब बनाने के लिए एक साथ बंधे होते है।

**45. (d)**

मैक्सवेल बोल्ट्जमैन सांख्यिकी यह वितरण थर्मल संतुलन में विभिन्न ऊर्जा स्थितियों पर चिरसम्मत पदार्थ कणों के वितरण का वर्णन करता है। यह समान लेकिन अलग-अलग कणों के लिए लागू होता है। चूँकि गैस के अणु समान और अलग-अलग होते है इसलिए वे दिए गए नियम का बहुत अच्छी तरह से पालन करते है।

**46. (c)**

विस्थापन धारा की अवधारणा, मैक्सवेल का मुख्य योगदान है।

• एम्पीयर परिपथ नियम में मैक्सवेल ने विस्थापन धारा की अवधारणा को जोड़ा। जब एक संलग्न सतह के भीतर आवेश बदल रहा तो एम्पीयर के नियम में विस्थापन धारा जोड़ना आवश्यक है। यह इस प्रकार है–

$$I_d = \frac{dQ_{inside}}{dt}$$

जहाँ, $dQ_{inside}$ = आवेश में परिवर्तन

dt = समय में परिवर्तन

**47. (c)**

लेन्ज का नियम जिस संरक्षण के नियम का परिणाम है वह ऊर्जा संरक्षण का नियम है।

लेन्ज का नियम कहता है कि प्रेरित धारा हमेशा उस कारण का विरोध करती है जो इसे उत्पन्न करता है। अतः विरोधी शक्ति के विरूद्ध कार्य करने के लिए अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता होती है। इस कार्य से चुम्बकीय प्रवाह में आवर्धित परिवर्तन होता है इसलिए अधिक धारा प्रेरित होती है। इस प्रकार अतिरिक्त प्रयास केवल विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है जो ऊर्जा के संरक्षण के नियम का एक उदाहरण है।

**48. (a)**

**फैराडे का नियम -** यह नियम विद्युत चुम्बकत्व का एक मूलभूत नियम है जो यह बताता है कि एक चुम्बकीय क्षेत्र एक विद्युत परिपथ के साथ विद्युत वाहक बल उत्पन्न करने के लिए कैसे परस्पर क्रिया करेगा।

विद्युत क्षेत्र और चुम्बकीय क्षेत्र के बीच सम्बन्ध है।

$$\int_c \vec{E}.d\vec{r} = -\frac{d}{dt}\int_s \vec{B}.d\vec{s}$$

**49. (b)**

गैल्वोनोमीटर से धारा की दिशा को ज्ञात किया जाता है।

**50. (d)**

$i = neAV_d$ से

$$V_d = \frac{i}{neA}$$

चूँकि असमान परिच्छेद है अत: $V_d$ नियत नहीं होगा। केवल धारा नियत होगी।

**51. (a)**




$$C' = \frac{3\times 6}{3+6} = 2\mu F \qquad C = C' + C''$$

$$C = (2+1)\mu F$$

$$C'' = \frac{2\times 2}{2+2} = 1\mu F \qquad C = 3\mu F$$

**52. (d)**

1879 में एडविने हॉल प्रभाव की खोज की।इसमें कहा गया है कि जब धारा ले जाने वाले चालक या अर्धचालक को लम्बवत् चुंबकीय क्षेत्र में प्रवेश करे तो वोल्टेज को धारा पथ के समकोण पर मापा जा सकता है। मापने योग्य वोल्टेज प्राप्त करने के प्रभाव को हॉल प्रभाव के रूप में जानते है और यह वोल्टेज इस प्रकार है–

$$V_H = \frac{IB}{q.n.d.}$$

जहाँ, I = सेंसर के माध्यम से बहने वाली धारा

B = चुम्बकीय क्षेत्र बल

q = आवेश

n = प्रति इकाई आयतन आवेश की संख्या

d = सेंसर की मोटाई

हॉल गुणांक इस प्रकार है–

$$R_H = -\frac{E_H}{BJ_x} = \frac{V_M t}{IB} = \frac{1}{ne}$$

$R_H$ की इकाइयों को आमतौर पर $m^3/c$, या $\Omega$ cm/h के रूप में व्यक्त किया जाता है।

यहाँ, $E_H$ = विद्युत क्षेत्र

$V_H$ = हॉल वोल्टेज

J = धारा का घनत्व

**53. (b)**

प्रिज्म का Resolving power-

प्रिज्म की resolving pouler प्रिज्म के आधार की लम्बाई के सीधे समानुपाती होती है।

$$\frac{\lambda}{d\lambda} = t\frac{d\mu}{d\lambda}$$

जहाँ t - प्रिज्म का आधार है।

**54. (d)**

- **ध्रुवीकरण**– अनुप्रस्थ प्रकाश तरंग एक से अधिक अवस्था में कंपन पैदा करती है। इन कंपनों को एक अवस्था में सीमित करने के लिए ध्रुवीकरण किया जाता है।
- व्यतिकरण किन्हीं दो तरंगों के बीच होने वाली घटना है।
- जब प्रकाश व ध्वनि तरंगे किसी अवरोध से टकराती है, तो वे अवरोध के किनारों पर मुड़ जाती है। तरंगों के इस प्रकार मुड़ने की घटना को विवर्तन कहते हैं।
- प्रकाश के ध्रुवीकरण का गुण यह दर्शाता है कि प्रकाश एक अनुप्रस्थ तरंग है।

**55. (d)**

माइकेल्सन–मोरले प्रयोग ईथर अपवाह के संभावित अस्तित्व को ज्ञात करने के लिए सम्पादित किया गया था।

**56. (c)**

रैम्सडेन नेत्रिका में एक पैमाना लगाया जाता है क्योंकि इसका उपयोग प्रकाशिकी उपकरणों में मात्रात्मक उद्देश्य के लिए किया जाता है।

**57. (a)**

**उत्क्रमणीयता का सिद्धान्त** : उत्क्रमणीयता का सिद्धान्त कहता है कि यदि प्रकाश की दिशा उलट दी जाती है तो प्रकाश उसी पथ का अनुसरण करता है। जब प्रकाश पहले माध्यम से दूसरे माध्यम में जाता है तो उसका अपवर्तनांक प्रकाश के दूसरे माध्यम से पहले माध्यम में जाने वाले अपवर्तनांक के बराबर होता है। उत्क्रमण का सिद्धान्त परावर्तन तथा अपवर्तन दोनों का अनुसरण करता है।

इसलिए $\boxed{{}^1n_2 \times {}^2n_1 = 1}$

**58. (d)**

ध्रुवण की घटना अनुप्रस्थ तरंगों में संभव है जबकि ध्वनि तरंगें अनुदैर्ध्य तरंगें होती हैं। अतः ध्वनि तरंगों में ध्रुवण की घटना नहीं होती है।

**59. (d)**

किसी अप्रगामी तरंग के तरंग दैर्ध्य के पदों में दो क्रमागत निष्पदों के बीच की दूरी $\frac{\ell}{2}$ होती है।




**60. (d)**

ध्वनि का वेग सबसे अधिक इस्पात (स्टील) में होता है। (1) अनुप्रस्थ तरंगे केवल ठोसों में ही सम्भव क्योंकि ठोसों में दृढ़ता (rigidity) होती है। (2) जबकि अनुदैर्ध्य तरंगे ठोस, द्रव तथा गैस तीनों प्रकार के माध्यमों में संचारित हो सकती है। (3) किसी माध्यम में अनुदैर्ध्य तरंगों का वेग केवल माध्यम के गुणों पर निर्भर करता है।

**61. (a)**

$\mu = \frac{V_d}{E}$ (μ गतिशीलता)

$$\mu = \frac{d}{t\frac{v}{d}} = \frac{d^2}{dt} = \frac{m^2}{\text{volt} - \text{sec.}}$$

**62. (b)**

y = 2a cas kx sin wt

तीव्रता (I) $\propto$ (आयाम)$^2$

$I_{max} \propto (2a \cos kx)^2$

अतः 2a cos kx अधिकतम होगा।

**63. (d)**

छोटे दोलनों के लिए सरल लोलक का आवर्तकाल

$$T = \frac{2\pi}{\sqrt{g\left[\frac{1}{\ell} + \frac{1}{R}\right]}}$$

$$\frac{1}{\ell} <<< \frac{1}{R} (\because \ell >>> R)$$

$$T = 2\pi\sqrt{\frac{R}{g}}$$

R = पृथ्वी की त्रिज्या = 6400 km = $6400 \times 10^3$ m

g = 9.81 m/s$^2$

$$T = 2\pi\sqrt{\frac{6400 \times 10^3}{9.81}}$$

= 5074.99 Sec

$$= \frac{5074.99}{60}$$

$\boxed{T = 84.58 \text{ मिनट}}$

**64. (c)**

ऊष्मागतिकी प्रायिकता को विभिन्न तरीकों की कुल संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। जिसमें निर्दिष्ट ऊष्मागतिकी अवस्था में दिए गए निकाय को रियलाइज़ किया जा सकता है। संतुलन में निकाय सबसे स्थिर स्थिति प्राप्त करता है और निकाय को खोजने की एक मात्र संभावना वह विशेष संतुलन अवस्था है, अतः उस अवस्था में संभावना 100% है या हम कह सकते हैं कि अधिकतम है।

**65. (b)**

न्यूटन का शीतलन का नियम स्टीफन बोल्ट्जमैन के नियम का एक अनुमानित रूप है जो तब उपयोगी होता है जब निकाय और आसपास के तापमान का अंतर बहुत कम होता है।

न्यूटन का शीतलन नियम है,

$$\frac{dQ}{dt} \propto (T - T_0)$$

जहाँ, T = निकाय का ताप

$T_0$ = आस-पास के क्षेत्र का ताप

स्टीफन वोल्ट्जमैन का नियम इस प्रकार है–

$$\frac{dQ}{dt} \propto \left(T^4 - T_0^4\right)$$

यह $E \propto T^4$ का विस्तार है।

**66. (c)**

वीन का नियम-

$\lambda_m \propto \frac{1}{T} \Rightarrow \lambda_m T =$ नियतांक

**67. (a)**

गोलीय धात्विक गेंद के भीतर समकेन्द्रीय गोलीय परिच्छेद का आयतन गेंद को गरम करने पर बढ़ेगा।

**68. (c)**

ऊष्मा संचरण की संवहन विधि केवल गैसों एवं द्रवों में घटित होती है जबकि चालन ठोसों में एवं विकिरण द्वारा निर्वात में ऊष्मीय संचरण होता है।

**69. (d)**

ऊष्मा के यांत्रिक समतुल्य में कहा गया है कि तापमान में $1^{\circ}C$ परिवर्तन के लिए 1g पानी का तापमान बढ़ाने के लिए 4.18 जूल यांत्रिक ऊर्जा या कार्य की आवश्यकता होती है।

इसे J से प्रदर्शित करते है।

$$(\Sigma w)_{cycle} = J(\Sigma Q)_{cycle}$$

1 कैलोरी ऊष्मा = 4.18 जूल कार्य

1 किलोकैलोरी ऊष्मा = 4.18 किलो जूल कार्य

4.18 किलोजूल कार्य = J × 1 किलो कैलोरी

$$\boxed{J = 4.18 \frac{\text{किलो जूल}}{\text{किलो कैलोरी}}}$$

चूँकि किलो जूल और किलो कैलोरी दोनों ही ऊर्जा का इकाई है, अतः J विमारहित है।

**70.(d)**

सापेक्षिकता के सिद्धान्त के अनुसार अधिकतम प्राप्त वेग = $c$

$$n = \frac{c}{v} \Rightarrow c = nv$$

अतः (d) सही है।

**71. (d)**

पृष्ठ तनाव $= \frac{\text{बल}}{\text{लम्बाई}}$

पृष्ठ तनाव पर तापमान का प्रभाव –

जब किसी तरल को गर्म किया जाता है, तो उसके अणुओं की गतिज ऊर्जा बढ़ जाती है और अंतर - आणाविक आकर्षण कमजोर हो जाता है।

तापमान बढ़ने पर सतह का तनाव कम हो जाता है क्योंकि आणविक तापीय गतिविधि में वृद्धि के साथ संयोजी बल कम हो जाता है।

**72. (b)**

कोणीय संवेग संरक्षण के नियम के अनुसार,

कोणीय गति $J = I \times \omega =$ स्थिर

इसलिए यदि लड़का अपने हाथों को अपने सीने की ओर खींच लेता है, तो घूर्णन अक्ष के सापेक्ष उसके शरीर का जड़त्व आघूर्ण I कम हो जाएगा।

अतः यदि जड़त्व आघूर्ण 'I' कम होगा तो कोणीय गति 'ω' बढ़ जाएगा।

**73. (d)**

यात्री पर तुला की सतह द्वारा लगाया गया प्रतिक्रियात्मक बल 'R' शून्य होता है क्योंकि उपग्रह में $g = 0$ होता हैं अतः भार शून्य होगा।

**74. (d)**

**उपग्रह का वेगः-** उपग्रह प्राकृतिक या कृत्रिम पिंड हरें जो किसी ग्रह के चारों ओर उसके गुरूत्वाकर्षण आकर्षण के तहत कक्षा का वर्णन करते हैं।

**कक्षीय वेग-** किसी उपग्रह को अपने कक्षा में स्थापित करने के लिए आवश्यक वेग को कक्षीय वेग कहते है।

त्रिज्या r की कक्षा में परिक्रमा करने वाले उपग्रह का वेग

$$V = \sqrt{\frac{GM}{r}} \qquad \left\{g = \frac{GM}{R^2}\right\}$$

तब $V = \sqrt{\frac{gR^2}{r}}$

$r = R + h.$

$$V = \sqrt{\frac{gR^2}{R+h}} \qquad R \cong R + h$$

$$\boxed{V = \sqrt{(R+h)g}} \text{ m/s}$$

**75. (a)**

सड़क का बैंकिंग कोण $\theta = \tan^{-1}\frac{v^2}{rg}$

$\because r = R$

अतः $\theta = \tan^{-1}\frac{v^2}{Rg}$

**76. (a)**

जब कोई वस्तु गतिमान होती है तो समय के साथ-साथ उसकी स्थिति में भी परिवर्तन होता है। यदि एक वस्तु कुछ दूरी चलकर वापस अपने उसी बिन्दु पर आ जाती है जहाँ से वह चली थी तो विस्थापन शून्य होगा। इसीलिए,

$$\text{औसत वेग} = \frac{\text{विस्थापन}}{\text{समयावधि}}$$

$$= \frac{0}{t}$$

$$\text{औसत वेग} = 0$$

**77. (a)**

नाभिकीय बल परमाणु के प्रोटॉनों तथा न्यूट्रॉनों के बीच कार्य करते है। यह बल बहुत ही शक्तिशाली होता है। उन्हें शॉर्ट रेंज फोर्स कहा जाता है क्योंकि वे लगभग शून्य मीटर बहुत छोटी दूरी पर काम करते हैं जो लगभग परमाणु के आकार का होता है।

**78. (a)**

गुप्त ऊष्मा वह ऊर्जा है जो पदार्थ के तापमान को बदले बिना पदार्थ द्वारा उसकी भौतिक अवस्था में परिवर्तन के दौरान अवशोषित या मुक्त होती है।

$$\text{गुप्त ऊष्मा } (L) = \frac{Q}{m} = \frac{\text{अवशोषित या मुक्त ऊर्जा}}{\text{द्रव्यमान}}$$

$$\text{L का विमीय सूत्र} = \frac{[ML^2T^{-2}]}{[M]} = [M^0L^2T^{-2}]$$

**79. (b)**
व्यक्ति का पूर्ण प्रतिबिम्ब देखने के लिए, दर्पण का न्यूनतम आकार व्यक्ति की ऊँचाई का आधा होना चाहिए। इसका दर्पण से दूरी का कोई फर्क नहीं पड़ता। अतः 2 मीटर ऊँचाई वाले व्यक्ति के प्रतिबिम्ब को देखने के लिए 1 मीटर लम्बे दर्पण की आवश्यकता होती है।

**80. (b)**
सूर्य का ताप अथवा उच्च ताप को मापने के लिये पायरोमीटर का उपयोग करते है।

**81. (c)**
$OsO_4 + 9CO \longrightarrow Os(CO)_5 + 4CO_2$ उपर्युक्त अभिक्रिया मे रिडक्टिव कार्बोनिलाइजेशन अभिक्रिया है। रिडक्टिव कार्बोनिलेशन अभिक्रिया $OsO_4$, $CaCl_3$, $Re_2O_7$, $VCl_3$, $Co(CO)_3$, $CoI_2$ में होता है। और ये कार्बन मोनोआक्साइड के साथ अभिक्रिया Mg, Ag, Cu, $NaH_2$, $AlLiH_4$ की उपस्थिति मे होता है।

**82. (a)**
$$P_T = P_A^o + P_B^o \qquad \because P_A^o = 75$$
$$P_T = P_A^o \times x_A + P_B^o \times x_B \qquad P_B^o = 21$$
$$P_T = 75 \times 0.5 + 21 \times 0.5 \qquad \text{equimolar mixture}$$
$$x_A = x_B = 0.5$$
$$\boxed{P_T = 48 \text{ Torr}}$$

**83. (b)**
यौगिक का IUPAC नाम–




(E)-3-मेथिल -2-पेण्टीन [(E) - 3 - methyl -2 - pentene]
or (E)-3-मेथिल - पेन्ट-2इन [(E)- 3-methyl-pent-2-ene]

**84. (a)**
फ्रॉयन्डलिक अवशोषण की अवधारणा उच्च दाब पर लागू नहीं होता है। फ्रॉयन्डलिक अवशोषण की निम्नलिखित गणितीय रूप से व्यक्त किया जाता है।
$$\boxed{\frac{x}{m} = kP^{1/n}}$$

**85. (c)**
दिया है-
Ka(HCOOH)
$= 21.4 \times 10^{-5}$, $K_a(CH_3COOH) = 1.84 \times 10^{-5}$
$$\frac{X_{HCOOH}}{X_{CH_3COOH}} = \sqrt{\frac{21.4 \times 10^{-5}}{1.84 \times 10^{-5}}} = 3.41$$

**86. (b)**
अभिक्रिया का वेग $\propto$ अभिक्रिया की दर स्थिरांक और दर स्थिरांक K $= Ae^{-Ea/RT} = \dfrac{A}{e^{Ea/RT}}$ यहाँ Ea का मान कम है तो K का मान अधिक है। अतः अभिक्रिया का वेग अधिक होगा।

**87. (c)**
**गुणित अनुपात का नियम** (law of multiple proportion)
इस नियम का प्रतिपादन इंग्लिश वैज्ञानिक जॉन डाल्टन (John Dalton) ने सन् 1803 में किया था। तत्पश्चात् बर्जीलियस ने इसकी पुष्टि की। इसके अनुसार ''जब दो तत्व परस्पर रासायनिक संयोग करके एक से अधिक यौगिक बनाते हैं, तब एक तत्व के समान द्रव्यमान से संयोग करने वाले दूसरे तत्व के द्रव्यमानों में एक सरल गुणित अनुपात होता है।'' उदाहरणार्थ - कार्बन, ऑक्सीजन से संयोग करके दो ऑक्साइड (कार्बन मोनोक्साइड तथा कार्बन डाईऑक्साइड) बनाता है। इस उदाहरण में CO में द्रव्यमान से C:O, 12 : 16 है जबकि $CO_2$ में द्रव्यमान से C:$O_2$, 12 : 32 है। अत: CO व $CO_2$ में ऑक्सीजन के द्रव्यमानों का परस्पर अनुपात 16:32 अर्थात 1:2 है। अत: एक सरल गुणित अनुपात है।

**88. (a)**
जिस यौगिक का अंतराण्विक बल (Intermolecular force) ज्यादा होगा तो उस यौगिक का क्वथनांक (Boiling point) सबसे ज्यादा होगा। क्वथनांक (Boiling point) बढ़ते क्रम में नीचे दिया गया है।
पानी > एथिल ऐल्कोहल > डाईएथिल ईथर
अतः विकल्प (a) सही है।

**89. (d)**
$$M + \frac{1}{2}O_2 \rightarrow MO + 35.14 \text{ KJ} \quad \text{...............(i)}$$
$$X + \frac{1}{2}O_2 \rightarrow XO + 90.8 \text{ KJ} \quad \text{...............(ii)}$$
$$XO \rightarrow X + \frac{1}{2}O_2 - 90.8 \text{ KJ} \quad \text{...............(iii)}$$
अभिक्रिया (i) व (iii) को जोड़ने पर प्राप्त अभिक्रिया–
M + XO $\rightarrow$ MO + X + 260.6 KJ
अतः Q= 260.6 KJ

**90. (b)**
सभी ताप पर एक प्रक्रम स्वतः प्रवर्तित होगी जब $\Delta H<0$ और $\Delta S > 0$ होगा।
$$\Delta G = \Delta H - T\Delta S$$
यहाँ हमने स्वतः प्रवर्तित के लिए दोनों पक्षों को साथ-साथ लिया है, ऊर्जा ($\Delta H$ के पदों में) एवं एन्ट्रॉपी ($\Delta S$ अवस्था के पदों में)
$$\Delta S_{total} = \Delta S_{sys} + \Delta S_{surrounding}$$
$$\Delta S_{surr} = \frac{\Delta H_{sur}}{T} + -\frac{\Delta H_{sys}}{T}$$
$$\Delta S_{total} = \Delta S_{sys} + \left(-\frac{\Delta H_{sys}}{T}\right)$$
$$T\Delta S = T\Delta S_{sys} - \Delta H_{sys}$$
स्वतः प्रक्रम के लिए $\Delta S_{total} > 0$
अतः $\left(-\Delta H_{sys} - T\Delta S_{sys}\right) > 0$
$$-G > 0$$
$$\Delta G = \Delta H - T\Delta S < 0$$
स्थिर दाब एवं ताप पर स्वतःप्रवर्तित की कसौटी है।
(i) यदि $\Delta G$ ऋणात्मक (< 0) है, तब प्रक्रम स्वतः प्रवर्तित होता है।
(ii) यदि $\Delta G$ धनात्मक (>0) है, तब प्रक्रम स्वतः प्रवर्तित नहीं होगा।

**91. (b)**
वेग व्यंजक के लिए $= K[A]^{3/2}[B]^{-1}$
अभिक्रिया की कोटि
$$= \left(\frac{3}{2}\right) + (-1) = \frac{1}{2}$$

**92. (a)**

$NH_4Cl_{(s)} \rightleftharpoons NH_{3(g)} + HCl_{(g)}$

यहाँ $P_{NH_3} \neq P_{HCl}$

घटकों की संख्या (C) = 1

प्रावस्थाओं की संख्या (P) = 2

स्वतंत्रता की कोटि (F) = 1

**93. (a)**

अर्द्ध-आयु $(t_{1/2})$ और क्षय स्थिरांक के बीच सम्बन्ध दिया जाता है–

$$\boxed{t_{1/2} = \frac{0.693}{\lambda}}$$

$$\Rightarrow t_{1/2} = \frac{0.693}{2.31\times10^{-4}} = 0.3\times10^{4}\text{ yrs.}$$

**94. (b)**

कार्बन डेटिंग (अंकन) → जानवरों और पौधों

यूरेनियम डेटिंग (अंकन) → चट्टानों और खनिजों

Co-60 → विकिरण चिकित्सा

परमाणु संलयन → हाइड्रोजन बम

**95. (c)**

$AlCl_3$ का विलयन $Al^{3+} + 3e^- \xrightarrow[\text{deposite}]{3F\text{charge}} Al$ धातु

$CuCl_2$ का विलयन $Cu^{2+} + 2e^- \xrightarrow[\text{deposite}]{2F\text{charge}} Cu.$ धातु

NaCl का विलयन $Na^{+} + 1e^- \xrightarrow[\text{deposite}]{1F\text{charge}} Na$ धातु

$SnCl_4$ का विलयन $Sn^{4+} + 4e^- \xrightarrow[\text{deposite}]{4F\text{charge}} Sn$ धातु

**96. (d)**

$K_3Fe(CN)_6$

यदि Fe की ऑक्सीकरण संख्या x है तो

$K_3Fe(CN)_6$

$1\times3 + x + (-1)\times6 = 0$

$3 + x - 6 = 0$

$x - 3 = 0$

$x = 3$

अतः Fe की संयोजकता 3 है।

**97. (d)**

माना $CrO_2Cl_2$ में Cr की ऑक्सीकरण अवस्था (x) है, और इसमें अवेशों की संख्या शून्य है।

अतः $CrO_2Cl_2$

$x + (-2)\times2 + (-1)\times2 = 0$

$x - 4 + (-2) = 0$

$x = 4 + 2$

$\boxed{x = +6}$

अतः $CrO_2Cl_2$ में Cr की ऑक्सीकरण अवस्था +6 है।

**98. (c)**

$SCN^-$ उभयदंती लिगैण्ड (Ambidentate ligand) है। उभयदंती लिगैण्ड वे होते है, जो दो प्रकार से इलेक्ट्रॉन जोड़े को दान कर सकते है।

उदाहरण – CNS, $SCN^-$,$OCN^-$, NCO, $NO_2$, ONO, $CN^-$ etc.

**99. (b)**

EAN rule (प्रभावी परमाणु क्रमांक)

= परमाणु क्रमांक + ग्रहण किये गये इलेक्ट्रॉनों की संख्या – त्याग किये गये इलेक्ट्रॉनों की संख्या

1. $[Fe(CO)_4]^{2-}$

EAN = 26 + 2 + 4 ×2

= 26 + 2 + 8

= 36 [Kr]

2. $V(CO)_6$

EAN = 23 – 0 + 2 ×6

= 23 + 12

= 35

यह संकर यौगिक EAN नियम को नहीं दिखाता है क्योंकि इसका मान अक्रिय गैस से समानता नहीं रखता है।

3. $K_4[Fe(CN)_6]$

EAN = 26 – 2 + 2 ×6

= 26 + 10

= 36 [Kr]

4. $[Mn_2(CO)_{10}]^-$

EAN = 2×25 – 0 + 2 ×10 + 2

= 50 + 22

= 72

$2Mn = \frac{72}{2} = 36\,[Kr]$.

**100. (b)**

1. Mn का बाह्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $3d^5$, $4s^2$ है।

अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था = ns इलेक्ट्रॉन+अयुग्मित (n–1)d इलेक्ट्रॉन

Mn की अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था =1 + 6 = 7

3d-श्रेणी में अधिकतम ऑक्सीकरण संख्या +7 को Mn द्वारा दर्शाया जाता है।

2. Cr का बाह्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $3d^5, 4s^1$ है।

Cr अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था = 1+5 = +6

3. Fe का बाह्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $3d^6, 4s^2$ है।

Fe की अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था = 2+4 = +6

CO का बाह्य इलेक्ट्रॉनिक विन्याश्य $3d^7\,4s^2$ है।

3d श्रेणी में अधिकतम ऑक्सीकरण संख्या +7 को Mn द्वारा दर्शाया जाता है।

4. Co की अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था = 2+3 = +5

**101.(c)**

जीनॉन कभी भी $XeI_2$ यौगिक (Compound) नहीं बना पाता है क्योंकि आयोडीन (I) कम विद्युत ऋणात्मकता वाला (lesselectronegativity) तत्व है जबकि जीनॉन (Xenon) फ्लोरीन (F) और आक्सीजन (O) के साथ सीधे अभिक्रिया करता है क्योंकि फ्लोरीन (F) और आक्सीजन (O) बहुत शक्तिशाली विद्युत ऋणात्मक तत्व है।

**उदाहरण-** $XeF_4$, $XeO_3$, $XeOF_4$, $XeF_2$, $XeF_6$, $XeO_2$, $XeOF_2$ etc.

**102. (a)**

जल का घनत्व हाइड्रोजन बन्ध के कारण बर्फ से ज्यादा होता है। जल के अणु ध्रुवी होते हैं। जल (ठोंस या द्रव) में कई $H_2O$ अणु एक-दूसरे से हाइड्रोजन बन्धो द्वारा जुड़े होते है। बर्फ में प्रत्येक $H_2O$ अणु का ऑक्सीजन परमाणु चतुष्फलकीय रिंग से चार अन्य

$H_2O$ अणुओं के ऑक्सीजन परमाणुओ द्वारा घिरा रहता है तथा $H_2O$ अणु असममित हाइड्रोजन बन्धों द्वारा जुड़े होते है। प्रत्येक $H_2O$ अणु चार हाइड्रोजन बन्ध बनाता है तथा इनके द्वारा चार अन्य $H_2O$ अणुओं से जुड़ा रहता है।




**103. (a)**
हाइड्रोजन बंध जो एक अणु के भीतर ही होता है, अंतः -अणुक हाइड्रोजन बंध कहलाता है।




**104. (c)**
यौगिक वह पदार्थ है जो रासायनिक रूप से दो या दो से अधिक तत्वों के निश्चित अनुपात में संयोग से बनता है। एक शुद्ध यौगिक में हमेशा तत्वों के द्रव्यमान निश्चित या स्थिर अनुपात में होते है। यौगिक के गलनांक तथा क्वथनांक दोनों निश्चित होते हैं। उदाहरण जल एक यौगिक है जिसका गलनांक ($0^0C$) तथा क्वथनांक ($100^0C$) निश्चित है।

**105. (b)**
टेल्युरियम ($_{52}Te$) = $1s^2\ 2s^2\ 2p^6\ 3s^2\ 3p^6\ 3d^{10}\ 4s^2\ 4p^6\ 4d^{10}\ 5s^2\ 5p^4$
गैलियम ($_{31}Ga$) = $1s^2\ 2s^2\ 2p^6\ 3s^2\ 3p^6\ 3d^{10}\ 4s^2\ 4p^1$
एस्टेटीन ($_{85}At$) = $1s^2\ 2s^2\ 2p^6\ 3s^2\ 3p^6\ 3d^{10}\ 4s^2\ 5p^6\ 4f^{14}\ 5d^{10}\ 6s^2\ 6p^5$

इलेक्ट्रानिक विन्यासों से स्पष्ट है कि परमाणु क्रमांक 52, 31 तथा 85 तीनो ही p-ब्लॉक के तत्व है तथा टेल्युरियम के बाह्यतम कोश में कुल 6 इलेक्ट्रॉन है जो कि VIA समूह अर्थात ऑक्सीजन परिवार का तत्व है।
इसी प्रकार Ga के बाह्यतम कोश में कुल 3 electron अतः यह Boron परिवार का तत्व तथा At के बाह्यतम कोश में कुल 7 electron अतः यह हैलोजन परिवार का तत्त्व है।

**106.(c)**
$Na^+$, $Mg^{2+}$, $N^{3-}$, $O^{2-}$ और $F^-$ आयनों में सबसे कम और सबसे अधिक त्रिज्या वाले आयन क्रमशः $Mg^{2+}$ और $N^{3-}$ है।
उपरोक्त दिए गए आयनों की आयनिक त्रिज्याओं का क्रम निम्नलिखित है।

$$\boxed{Mg^{2+} < Na^+ < F^- < O^{2-} < N^{-3}}$$

क्योंकि फजॉन के नियम के अनुसार जैसे-2 सम इलेक्ट्रॉनिक आयनों पर धनावेश बढ़ता जाता है त्रिज्या घटती जाती है एवं ऋणावेश बढ़ता जाता है त्रिज्या बढ़ती जाती है।

**107.(c)**
p उपकक्ष के लिए द्विगंशी क्वान्टम संख्या का मान एक होता है तथा चुम्बकीय क्वान्टम संख्या (m) = -1,0 एवं +1 होगा जिसके कारण p उपकोश में तीन आर्बिटल स्थित होगी इन आर्बिटलो को $P_x$, $P_y$, $P_z$ से प्रदर्शित किया जाता है। $P_x$ आर्बिटल x अक्ष के समानान्तर $P_y$ आर्बिटल y अक्ष के समानान्तर तथा $P_z$ आर्बिटल z अक्ष के समानान्तर स्थित होती है एक चुम्बकीय क्षेत्र के अनुपस्थित में इन तीनों अर्बिटलो की ऊर्जाऐं समान होती है, और इन्हें त्रिक अपभ्रष्ट (Triple degenerate) आर्बिटल कहा जाता है।

**108. (a)**
ऋणायन का आकार जितना अधिक होता है उसका प्रभावी नाभिकीय आवेश उतना ही कम होता है तथा इसके अपने संयोजी इलेक्ट्रॉन अपने नाभिक से कम आकर्षित करते हैं। अतः बड़ा ऋणायन आसानी से ध्रुवित हो जाता है। किसी परमाणु के ऋणायन की त्रिज्या उस परमाणु की त्रिज्या से बड़ी होती है क्योंकि परमाणु के बाह्य कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या बढ़ जाने से प्रभावी नाभिकीय आवेश घट जाता है।

$$I^- > I > I^+$$

**109.(a)**
डी-ब्रॉग्ली समीकरण $= \lambda = \dfrac{h}{mv}$

तथा हाइजेनबर्ग के अनिश्चितता का सिद्धान्त $(\Delta X)(\Delta P) \geq \dfrac{h}{4\pi}$

तब $\lambda = \dfrac{h}{mv}$ और $(\Delta x)\ (\Delta p) \geq \dfrac{h}{4\pi}$

जहाँ
$\lambda$ = तरंगदैर्ध्य $(\Delta x)$ = कण की स्थिति में अनिश्चितता
m = द्रव्यमान
v = वेग $(\Delta p)$ = संवेग में अनिश्चितता

**110. (d)**
एथिल एल्कोहल ($C_2H_5OH$) यौगिक कीटो-ईनॉल चलावयवता नहीं दर्शाता है। कीटो-ईनॉल चलावयवता (Keto-enol tautomerism) हमेशा कार्बोनिल समूह (carbonys group) और $\alpha$ हाइड्रोजन के बीच में बनता है।
वह संरचना जिसमें- OH समूह युग्म बन्धित कार्बन परमाणु से जुड़ा होता है, ईनॉल (enol) संरचना कहलाती है। कीटो संरचना में मेथिलीन समूह $-CH_2-$ या मेथाइन समूह $>CH-$ कार्बोनिल समूह $>C=O$ से जुड़ा होता है।







**111. (a)**
स्टार्च, सेलुलोस, प्रोटीन, DNA तथा प्राकृतिक रबड़ प्राकृतिक बहुलकों का प्रमुख उदाहरण है। स्टार्च तथा सेलुलोज में ग्लूकोस अणु एकलक इकाइयों के रूप में होते है। प्रोटीनों में ऐमीनों अम्ल एकलक इकाई के रूप में होते है। प्राकृतिक रबड़ में आइसोप्रीन नामक हाइड्रोकार्बन एकलक इकाईयों के रूप में होता है।




पेड़-पौधों से प्राप्त प्राकृतिक रबड़ अधिकतर नरम होता है तथा खींचने पर टूट जाता है। इसे कठोर तथा अधिक लचीला बनाने के लिये इसमें सल्फर की अल्प मात्रा (5%) मिलाकर गर्म करते हैं इस क्रिया को रबड़ का वल्कनीकरण (Vulcanisation of rubber) कहते है।

**112. (c)**

एमाडोरी पुर्नव्यवस्था (Amadori Rearrangement) एक कार्बनिक अभिक्रिया है। यह अभिक्रिया कार्बोहाइड्रेट रसायन मे महत्वपूर्ण है।

(D)-ग्लूकोज को ऐसीटिक अम्ल में फेनिलहाइड्राजीन के आधिक्य के साथ गर्म करने पर ओसाजोन (Osazone) बनता है।



**113. (b)**

ग्लूकोज अणु फिनाइल हाइड्रॉजीन के 3 अणुओं से अभिक्रिया करके ओसाजोन देता है।




**114. (a)**

विन्यास का उल्टा आमतौर पर तब होता है जब एक कार्बनिक यौगिक $SN^2$ तंत्र द्वारा न्यूक्लिओफाइल प्रतिस्थापन अभिक्रिया से गुजरता है। एक न्यूक्लियोफाइल (नाभिकस्नेही) स्टेरियोसेन्टर पर दो से आक्रमण कर सकता है। जैसे कि आगे से या पीछे से दोनों तरफ से आक्रमण कर सकता है।

पीछे से आक्रमण करने पर नाभिकस्नेही समूह विपरीत दिशा से स्टेरियोसेन्टर उत्पाद के गठन में यह परिणाम विन्यास की इन्वर्जन है।




इन्वर्जन विन्यास

चूँकि $SN^2$ अभिक्रिया द्वारा विन्यास का व्युत्पन्न होता है। इसलिए हम इसे गहराई से समझते हैं। इसलिए $CH_4$ (मीथेन) उनके विन्यास से प्रतिलोमन हो जाता है।

**115.(c)**

सेटजैफ नियम के अनुसार जल का अणु निकलने में –OH समूह उस निकटवर्ती कार्बन परमाणु की हाइड्रोजन के साथ निकलता है जिस पर हाइड्रोजन परमाणुओं की संख्या न्यूनतम होती है।

$$CH_3CH_2CH(OH)CH_3 \xrightarrow[250^{\circ}C]{Al_2O_3} CH_3CH=CHCH_3$$

ऐलुमिना द्वारा द्वितीयक एल्कोहॉल तथा तृतीयक एल्कोहॉल का निर्जलीकरण सेटजैफ नियम के अनुसार होता है। इसमें कार्बेऋणायन भाग नहीं लेता है।

**116. (d)**

$SN_i$ का शाब्दिक अर्थ अन्तरा आण्विक नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन (Intramolecular Nuleophilic substitutions) होता है।

$SN_i$ के दौरान प्रतिस्थापन चक्रीय संक्रमण अवस्था के माध्यम से एक आंतरिक स्थानान्तरण होता है। जिसके सामने की ओर से क्लोराइड हमले (Attack) से विन्यास मे प्रतिस्थापन होता है $SN_i$ मे प्रयुक्त विलायक (Solvent) डाइमिथाइल ईथर या टेट्राहाइड्रोफ्यूरान है।



SNi अभिक्रिया

**117. (b)**

पैरा-बेन्जोक्विनोन (P-Benzoquinone)



पैरा-बेन्ज़ोक्विनोन (P-Benzoquinone) हकल नियम (Huckle rule) का पालन नहीं करता है क्योंकि इसके पास $(4n+2)\pi$ इलेक्ट्रॉन नहीं होता है। जबकि फिनैन्थ्रीन, पिरिडीन तथा साइक्लोपेन्टाडाइनिल ऋणायन हकल नियम (Huckle Rule) का पालन करता है।



फिनैन्थ्रीन में $14\pi$ इलेक्ट्रॉन होते हैं।

$$4n+2=\pi$$
$$4n+2=14$$
$$4n=12$$
$$n=3$$




पिरिडीन में $6\pi$ इलेक्ट्रॉन होते है।

$$4n+2=6$$
$$4n=4$$
$$n=1$$




साइक्लोपेन्टाडाइनिल एनायन में $6\pi$ इलेक्ट्रॉन होते हैं।

$$4n+2=\pi$$
$$4n+2=6$$
$$4n=4$$
$$n=1$$

**118.(c)**




एक एरोमैटिक यौगिक नहीं है क्योंकि $4\pi c$ - गैर-समतलीय वलय में विस्थापिकृत है।

**119. (b)**

इलेक्ट्रोमेरिक प्रभाव एक अस्थायी प्रभाव है जो तब तक रहता है जब तक आक्रमणकारी अभिकर्मक मौजूद होता है और कार्बनिक यौगिक के संपर्क में होता है। एक बार जब आक्रमणकारी अभिकर्मक को पिण्ड से हटा दिया जाता, तो ध्रुवीकृत अणु अपनी मूल स्थिति में वापस आ जाता है।

**120. (c)**

$CH_3\overset{\oplus}{C}H_2$ अतिसंयुग्मन द्वारा स्थायी होता है। अतिसंयुग्मन के लिए संरचनात्मक आवश्यकता :

1. एल्किन कार्बधनायन या एल्किल मुक्त मूलक में कम से कम एक $sp^2$ संकरित कार्बन होना चाहिए।
2. α-कार्बन पर कम से कम एक हाइड्रोजन होना चाहिए।

$$\underset{\alpha}{CH_3}-\underset{Sp^2}{\overset{\oplus}{CH_2}}$$
, 3 α-hydrogen

**121. (b)**

टसर सिल्क एन्थेरिया पैफिया से प्राप्त किया जाता है। यह रेशम कीट की जाति है जो चीन, भारत व श्रीलंका आदि देशों में पायी जाती है। इसके कैटर पिलर लार्वा, अंजीर, ओक, साल व बेर की पत्तियों का सेवन करते हैं। इसके कोकून पीले, भूरे या लाल रंग के होते है जिनसे भूरे रंग का रेशम प्राप्त होता है।

**Note :** चीनी रेशम-कीट या मलबेरी सिल्कवार्म बॉम्बिक्स मोराई से प्राप्त किया जाता है।

* मूंगा रेशम-कीट (Antheraea assama or A. assamensis) के द्वारा प्राप्त किये जाते है।

**122.(a)**

राइबोसोम्स को प्रोटीन संश्लेषण स्थल कहा जाता है, जहाँ प्रोटीन का संश्लेषण होता है।

■ राइबोसोम RNA एवं प्रोटीन के बने होते हैं। RNA व प्रोटीन के कारण इन्हें राइबोन्यूक्लिक प्रोटीन कण भी कहते हैं।

■ राइबोसोम सभी जीवित कोशिकाओं में पाए जाते हैं। ये अन्तः प्राद्रव्यी जालिका से जुड़े रहते हैं। ये माइटोकॉण्ड्रिया, हरित लवक, एवं केन्द्रक में भी पाए जाते हैं।

**123. (c)**

स्त्री में निषेचन स्थल फैलोपियन नलिका होती है। निषेचन, मातृ अण्डाणु तथा पितृ शुक्राणु के मिलन की प्रक्रिया है। जिसके द्वारा भ्रूण निर्माण की क्रिया आगे बढ़ती है। फैलोपियन नलिका अण्डाशय को गर्भाशय से जोड़ती है।

**124.(d)**

रेनिन (Renin) का स्त्रावण वृक्क (Kidney) के गुच्छासन्न कोशिकाओं (Juxtaglomerular cells) से होता है। गुच्छासन्न कोशिका, मैकुला डेन्सा के संकेत से उत्तेजित होकर रेनिन (Renin) हार्मोन का स्त्रावण करती हैं।

**125.(a)**

चिकनी पेशियाँ अरेखित (Non-striated) पेशियाँ होती है। इन पेशियों को अनैच्छिक भी कहते है। ये पेशियाँ हमारी इच्छानुसार कार्य नहीं करती है तथा चिकनी पेशियाँ हमारे आन्तरिक अंगों की दीवारों पर पाई जाती है। हमारी रक्त वाहिकाओं/रक्त वाहिनियों में चिकनी पेशियाँ पाई जाती है। इसके अतिरिक्त महिलाओं के गर्भाशय की दीवारों पर भी चिकनी पेशियाँ पाई जाती है। हृदय पेशियाँ मानव हृदय की दीवारों (भित्ति) में पाई जाने वाली अनैच्छिक पेशियाँ होती है। कंकाल पेशियाँ ऐच्छिक पेशियाँ होती है तथा ये रेखित पेशियाँ है जो मानव कंकाल की गति एवं प्रचलन में सहायक होती है ये कण्डराओं द्वारा अस्थियों से जुड़ी होती है।

**126. (b)**
''नोड्स ऑफ रैनवियर'' एक्सॉन में पाए जाते है। रैनवियर के नोड्स को आमतौर पर माइलीन शीथ गैप के रुप में जाना जाता है। एक्सॉन एक लम्बी एवं पतली तंत्रिकीय संरचना होती है जिस पर श्वेत तथा चर्बीदार परत पाई जाती है। इसे माइलीन का आवरण कहते है। एक्सॉन में जिस स्थान पर माइलीन आवरण नहीं पाया जाता है उसे रैनवियर के नोड्स कहते है।




**Nodes of Ranvier**

**127. (a)**
शरीर में यूरिया का निर्माण यकृत में ऑर्निथिन चक्र (ornithine cycle) द्वारा होता है तथा यह वृक्क द्वारा होते हुए (Urethra) मूत्रमार्ग द्वारा शरीर से बाहर निकाल दिया जाता है। यूरिया एक तरह का जहरीला पदार्थ है। जिसको शरीर से बाहर करने के लिए अत्यधिक मात्रा में जल की आवश्यकता होती है।

**128. (b)**
मानव हृदय पेशीजनक होता है। पेशीजनक हृदय कशेरूकियों की विशेषता है जहां निरंतर लयबद्ध संकुचन होता है। हृदय की मांसपेशियों का प्रत्येक संकुचन नाड़ी या हृदय गति के रूप में रक्त के प्रवाह को नियंत्रित करता है। मानव हृदय का निर्माण हृदयावरली पेशी के द्वारा होता है। जिसकी संरचना तो ऐच्छिक पेशी की तरह होती है परन्तु कार्य अनैच्छिक पेशी की तरह होता है। न्यूरोजेनिक/तंत्रिका जन्य हृदय आर्थोपोडा तथा एनीलिडा में पाया जाता है।

**129. (b)**
सामान्य श्वसन के दौरान अन्दर ली गई या बाहर निकाली गई वायु की मात्रा को श्वसन आयतन कहा जाता है। इसका सामान्य मान 500 मिली. होता है। इसी प्रकार श्वसन आयतन के ऊपर वायु आयतन की वह अतिरिक्त मात्रा जो एक व्यक्ति बलपूर्वक अंतःश्वासित कर सकता है अन्तःश्वसन संरक्षित आयतन कहलाता है। इसकी मात्रा 3300 मिली सामान्य रूप से होती है।

**130. (a)**
पित्तरस में कोलेस्ट्रॉल, पित्त लवण व फॉस्फोलिपिड आदि पाए जाते है जबकि पित्त रस में पाचक एंजाइम नहीं होते है, पित्त एकपाचक द्रव है जो भोजन के पाचन में सहायता करता है। पित्तरस यकृत द्वारा निर्मित होता है। यह पित्ताशय में एकत्रित होता है, पित्त रस में पित्त लवण और पित्त वर्णक (बिलिरूबिन) भी होते है। इसका मुख्य कार्य भोजन में मौजूद वसा को वसीय अम्ल में बदलना है।

**131. (b)**
वे जातियाँ जो भिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में पायी जाती है, उसे एलोपेट्रिक प्रजातियाँ कहते है।

⇒ एलोपेट्रिक प्रजाति में, पैतृक आबादी के समूह भौगोलिक अलगाव की अवधि के कारण अलग-अलग प्रजातियों में विकसित होते हैं। एक भौगोलिक परिवर्तन जनसंख्या के सदस्यों को एक से अधिक समूहों में विभाजित करता है।

⇒ सिम्पैट्रिक प्रजाति में, एक ही पैतृक आबादी के समूह बिना किसी भौगोलिक अलगाव के अलग-अलग प्रजातियों में विकसित होते हैं।

**132.(c)**
मेंडल ने अपने प्रयोगों में मटर (पाइसम सेटाइवम) के पौधों में 7 विरोधी जोड़ों के लक्षणों का प्रयोग किया था। मेंडल द्वारा चयनित लक्षण इस प्रकार है-

1. मटर का आकार – गोल या झुर्रीदार
2. मटर का आकार – हरा या पीला
3. फली का आकार – संकुचित या फुला हुआ
4. फली का रंग – हरा या पीला
5. फूल का रंग – बैंगनी या सफेद
6. पौधे का आकार – लंबा या बौना
7. फूलों की स्थिति – अक्षीय या टर्मिनल




**133.(b)**
कोशिका में डीएनए का सबसे सामान्य प्रारूप बी-डीएनए है।
बी-डी.एन.ए. दो पॉलिन्यूक्लियोटाइड श्रृंखलाओं का बना होता है जो एक अक्ष के चारों ओर सर्पिलाकार क्रम में दक्षिणावर्त कुण्डलित रहती है किन्तु इसके प्रत्येक कुण्डल में 10 न्यूक्लियोटाइड युग्म होते है।
***वाटसन*** एवं ***क्रिक*** ने बी-डी.एन.ए. का वर्णन किया था। यह डी.एन.ए. सभी कोशिकाओं में शरीर-क्रियात्मक अवस्थाओं में पाया जाता है।

**134. (d)**
लैम्पब्रुश गुणसूत्र सबसे बड़ा गुणसूत्र होता है। समजात गुणसूत्र डिप्लोटीन प्रावस्था से पहले ही परस्पर जुड़कर इस प्रावस्था में पृथक होने की दशा में होते हैं और केवल कियास्माटा (Chiasmata) पर जुड़कर रह जाते हैं। अब प्रत्येक जोड़ी के दो समजात गुणसूत्रों के क्रोमैटिन तन्तु अकुण्डलित होकर एक केन्द्रीय अक्ष के इधर-उधर पार्श्वों में 30mm सोलीनॉइड तन्तुओं के छल्लों के रूप में फैल जाते है। जिससे गुणसूत्र जोड़ी बोतल साफ करने वाले ब्रश जैसी दिखाई देने लगती है। इसे लैम्पब्रुश गुणसूत्र कहते है।




**135. (d)**
कोशिका सिद्धान्त जर्मनी के जीव विज्ञानी श्लाइडेन (वनस्पतिशास्त्री) और थियोडोर श्वान (जन्तु विज्ञानी) द्वारा प्रतिपादित किया गया था।
कोशिका सिद्धान्त के अनुसार कोशिका जीवन की मूल इकाई है और सभी जीवित चीजें (जन्तु/पौधें) एक या अधिक कोशिकाओं से बनी होती है।
कोशिका सिद्धान्त का एक घटक यह है कि सभी नई कोशिकाएं मौजूदा कोशिकाओं से उत्पन्न होती है। Omnis cellula -e Cellula जर्मन रोगविज्ञानी रूडोल्फ विर्चो द्वारा सन् 1855 में दिया गया।

**136. (c)**
समुद्री ऐनीमोन (sea anemone) परजीवी (parasitic) नहीं है। शेष, मच्छर, फीताकृमि, जोंक परजीवी है। सी-एनीमोन को फाइलम-निडेरिया, वर्ग-एंथोजोवा में वर्गीकृत किया गया है। समुद्री एनीमोन आमतौर पर शिकारी होते है। जो अपने जाल में फंसाकर शिकार करते है। तथा ये सहजीवी जीवन व्यतीत करते है।




**137. (a)**
वुचेरेरिया प्रायः अण्डजरायुज (Ovoviviparous) होती है। यह असंख्य नवजात को जन्म देती है, जिन्हें माइक्रोफाइलेरियाई कहते है। ये अतिपरिपक्व अवस्था में उत्पन्न होते है। तथा एक कोमल क्यूटिकल आवरण में बन्द होते है। फाइलेरिया एक दुर्लभ संक्रामक उष्णकटिबंधीय विकार है जो गोल कृमि परजीवी वुचेरेरिया बैनक्राफ्टी के कारण होता है।

**138. (b)**
एन्टअमीबा हिस्टोलिटिका नामक प्रोटोजोआ के कारण पेचिश (Dysentry) रोग होता है। यह परजीवी बड़ी आँत के ऊपरी भाग (Colon) में रहता है। इसमें श्लेष्म और खून के साथ दस्त, उदरीय वेदना होती हैं। खाना नहीं पचता और भूख नहीं लगती है।
उपचार हेतु पानी उबालकर पीना चाहिए। एंटरोक्विनॉल, आइरोफार्म, मेक्साफॉर्म जैसी दवाओं का प्रयोग करना चाहिए। रोगी को पूरी सफाई से रहना चाहिए।




**139.(a)**
स्पोरोजोआ वर्ग में चलन कोशिकांग अनुपस्थित होते है क्योकिं यह एक परजीवी वर्ग होता है जो अपना भोजन जीव के शरीर के आंतरिक भाग से ग्रहण करता है। तथा स्पोरोजोआ संघ प्रोटोजोआ का एक वर्ग है जिसमें केवल आंतरिक परजीवी सम्मिलित होते है।

**140. (c)**
आर. एच. व्हिटेकर द्वारा दिए गए पांच-संघीय वर्गीकरण (1969) में प्रोकैरियोटिक जीवों को, संघ मोनेरा में रखा गया है। वे जीव जिनमें कोई सुविकसित केन्द्रक नहीं होता है और जिनमें कोशिकांग नहीं होते है, प्रोकैरियोटिक जीव कहलाते है। इन जीवों की कोशिका यूकैरियोटिक जीवों की कोशिकाओं की तुलना में बहुत छोटी होती है। मोनेरा के अंतर्गत आने वाले जीव हैं- बैक्टीरिया, सायनोबैक्टीरिया, आर्कीबैक्टीरिया, माइकोप्लाज्मा आदि।




**Organisms from Kingdom Monera**

**141. (d)**
डी.एन.ए. सीक्वेन्स की विधि को एफ० सैन्गर ने खोजा था। सैंगर सिक्वेंसिंग को चेन टार्मिनेशन के नाम से भी जाना जाता है, ये डीएनए सिक्वेंस के न्यूक्लियोटाइड को निर्धारण करने के लिए किया जाता है।

